हमारी भाषा हमारे अस्तित्व का आधार है। हम इसी के माध्यम से सोचते और सपने देखते हैं। इस अवसर पर स्नातकोत्तर हिन्दी तृतीय सेमेस्टर की दो छात्राओं ने ब्रजभाषा हिन्दी रू समस्याएँ और समाधान विषय पर अपने महत्त्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किये। अपने पत्रों में कु. अनिता ने कहा कि हिन्दी भाषा को जटिलता को दूर कर हमें इसे जन-जीवन के करीब ले जाने का प्रयास करना चाहिए। हिन्दी के साथ-साथ अन्य भारतीयभाषाओं को भी अपने-अपने राज्यों में महत्व मिलना चाहिए। राष्ट्रीयता के बोध को बढ़ावा देने के लिए अन्तर्भाषायी अनुवाद की भी महती आवश्यकता है। कुमारी चित्ररेखा ने कहा कि हिन्दी हमारे राष्ट्र के गौरव की भाषा है। यह आज भी सम्पूर्ण देश को एक सूत्र में जोड़तीहै। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए हिन्दी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ रीता गुप्ता ने कहा कि में मानसिक गुलामी और अंग्रेजियत से मुक्त होकर देश की करोड़ों जनता की भाषा का सम्मान करना चाहिए। अपने दैनिक क्रियाकलापों और गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए। इस विशेष मार्गदर्शन व्याख्यान माला कालाभ बड़ी संख्या में उपस्थित हिन्दी साहित्य और भाषा के विद्यार्थियोंको मिला।

अमृत संदेश

मंगलवार, 10 अक्टूबर 2017

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned with CamScanner

7.1.8

उतई कॉलेज में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए परिचर्चा का आयोजन

जल्दबाजी में लिखा जाने वाला साहित्य है अखबार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उतई

शासकीय महाविद्यालय उतई में पत्रकारिता के विविध आयाम विषय पर आयोजित परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राम अवतार शर्मा थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का कार्य तलवार की धार पर दौड़ने के समान है। अखबार जल्दबाजी में लिखा जाने वाला साहित्य है। पत्रकारिता के मेरे चालीस वर्ष के लंबे कैरियर में दादा कामिल बुल्के का साक्षात्कार लेना अविस्मरणीय घटना है। हिंदी भक्त बुल्के का जन्म भले ही बेल्जियम में हुआ, लेकिन उनका पुनर्जन्म भारत में ही हुआ। अखबार की भाषा सरल, सहज और शुद्ध हो। अखबार के प्रति उत्सुकता कभी कम न हो, तथ्यों की प्रस्तुति में जागरूकता और प्रमाणिकता भी हो। अतिथि युवा पत्रकार मोहम्मद जाकिर हुसैन ने कहा कि पत्रकारिता

का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष साक्षात्कार भी है। साक्षात्कार के पूर्व जिनसे और जिस विषय पर साक्षात्कार लेने जा रहे हैं, उनके विषय में हमारी पूरी तैयारी होनी चाहिए। आजकल यू-ट्यूब आदि हमारी अच्छी मदद कर सकते हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी से लिए गए महत्त्वपूर्ण साक्षात्कारों और साक्षात्कारकर्त्ताओं के भी उदाहरण दिए। विद्यार्थियों को उन्होंने एसाइनमेंट के विषय में मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार हेतु पत्रकार को निर्भीक होना चाहिए। पत्रकारिता से जुड़े साहित्यविद् प्राचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ पत्रकारिता न केवल समाज का संरक्षण और मार्गदर्शन करती है, अपितु वह उसे पतन से भी बचाती है। पत्रकार रोशन सिंह बम्भोले ने कहा कि ग्रामीणक्षेत्र के पत्रकार लोहे की जंजीर को कलम के वार से काटते हैं। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता बड़े कठिन दौर से गुजर रही है। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सियाराम शर्मा ने कहा कि वर्तमान पत्रकारिता व्यवसाय का साधन बनकर रह गई है। पत्रकारिता की छात्रा चित्ररेखा कुर्रे ने अपना शोध लेख प्रस्तुत किया। इस दौरान रामअवतार शर्मा, जाकिर हुसैन, रोशन सिंह बम्भोले, सुरेंद्र शर्मा, हरीसिंह जख्मी, घनश्याम गजपाल एवं राजेश बंजारे का अभिनंदन किया गया। संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ. रीता गुप्ता ने किया। छात्रसंघ अध्यक्ष रेणु यादव ने कॉलेज की उत्तम व्यवस्था व ऐसे आयोजनों के लिए महाविद्यालय प्रबंधन का आभार माना।

हरिभूमि

गुरुवार 23 नवंबर 2017

समाचार पत्रों में रहती है नई-नई जानकारियां, भाषा भी सरल:शर्मा

उतई कॉलेज में पत्रकारिता दिवस पर हुई परिचर्चा, वक्ताओ ने रखे अखबार के संदर्भ मे अपने विचार।

भास्कर न्यूज | उतई

उतई कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ पत्रकारिता समाज के संरक्षण का काम करती है। साथ ही लोगों को न्याय भी दिलाती है। अखबार की भाष सरल और सहज होती है। इसे पढ़ने वाले समाज के सभी वर्ग के लोग होते हैं। यह बातें उन्होंने उतई कॉलेज में पत्रकारिता दिवस पर हुए कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार शर्मा ने छात्रों को संपादकीय का लेखन, साक्षात्कार, पेज डिजाइनिंग, आचार संहिता और प्रेस प्रबंधन आदि विषयों की जानकारी दी। विभिन्न विषयों पर परिचर्चा भी हुई। पत्रकार रोशन सिंह बमभोले ने ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियों के बारे में बताया। कार्यक्रम को सुरेंद्र शर्मा, हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सियाराम शर्मा, चित्ररेखा कुर्रे और रीता गुप्ता ने संबोधित किया। इसके बाद कॉलेज परिसर का भ्रमण किया। यहां की हरियाली और स्वच्छता की सराहना की गई। साथ ही नशा करने वालों द्वारा फैलाई गंदगी पर चिंता व्यक्त की गई। छात्रसंघ अध्यक्ष रेणु यादव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

मंगलवार 21 नवंबर, 2017

Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned with CamScanner

आयोजन

उतई कॉलेज के हिन्दी विभाग में छत्तीसगढ़ी राजभाषा की महत्ता पर संगोष्ठी, वक्ताओं ने दी जानकारी

छत्तीसगढ़ी बोली हमारी समस्त प्रगति का मूल आधार

उतई। नईदुनिया न्यूज

किसी भी देश, राज्य या समाज को अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। भाषा हमारी समस्त प्रगति का मूलाधार है। कोई भी आत्सम्मानी समाज अपनी भाषा में बात करने में गर्व का अनुभव करता है। हम सभी छत्तीसगढ़वासियों को छत्तीसगढ़ी में बात करने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। यह बातें साहित्याचार्य एवं शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने उतई कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में कही।

उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा का निर्धारण उसकी संरचना से होता है। आवश्यकतानुसार आप छत्तीसगढ़ी में दूसरी भाषा का प्रयोग बेहिचक कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा की इसी उदारता और सरलता के कारण ही उसकी प्रगति हुई है और होगी भी। इस पर व्याकरण लिखने वाले पहले विद्वान हीरालाल काव्योपाध्याय हैं। मुकुटधर पाण्डेय ने मेघदूत का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर छत्तीसगढ़ी भाषा की अभिव्यक्ति क्षमता को प्रमाणित किया था। आगे चलकर स्व. हरि ठाकुर, श्यामलाल चतुर्वेदी आदि लेखकों और कवियों ने इसके विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व में लोकप्रिय बनाने का कार्य, स्व. सन्त पवनदीवान, स्व. डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा, स्व. देवदास बंजारे और हबीब तनवीर,पद्मभूषण तीजन बाई, लक्ष्मण मस्तूरिया, रामेश्वर वैष्णव एवं मुकुन्दकौशल जैसे कवि एवं कलाकारों ने किया। संजीव तिवारी जैसे युवा आज छत्तीसगढ़ी को इन्टरनेट और गूगल के उपयुक्त बनाने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

उतई कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में शामिल छात्र-छात्राएं। फोटो : नईदुनिया

समस्त बोलियों में मधुरतम है छत्तीसगढ़ी

इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. सियाराम शर्मा ने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ के लोग सरल और सहज हैं उसी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा भी हिन्दी की समस्त बोलियों में मधुरतम भाषा है।। अपनी भाषा, संस्कृति, लोकगीत और नृत्य की दृष्टि से छत्तीसगढ़ उत्तर भारत के समस्त राज्यों में अग्रणी है। इसकी समस्त परम्परा को संरक्षित और सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ी राजभाषा पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनुसुईया जोगी ने छत्तीसगढ़ के महत्व पर छत्तीसगढ़ी भाषा में स्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. शर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य पर केन्द्रित विविध पाठ्य सामग्री विद्यार्थियों के बीच वितरित की गई। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित युवा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के शिक्षाप्रद एवं मार्गदर्शक व्याख्यान का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रीता गुप्ता ने किया।

नईदुनिया
रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2017

PRINCIPAL
Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt. Durg (C.G.)

» उतई कॉलेज के हिन्दी विभाग में छत्तीसगढ़ी छात्रों के लिए संगोष्ठी का सफल आयोजन

भाषा हमारी समस्त प्रगति का है मूलाधार : आचार्य डॉ. शर्मा

दबंग रिपोर्टर ▸ उतई

किसी भी देश, राज्य या समाज को अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। भाषा हमारी समस्त प्रगति का मूलाधार है। कोई भी आत्सम्मानी समाज अपनी भाषा में बात करने में गर्व का अनुभव करता है।

हम सभी छत्तीसगढ़ी वासियों को छत्तीसगढ़ी में बात करने में शर्म महसूस नहीं करनी चाहिए। किसी भी भाषा का निर्धारण उसकी संरचना से होता है। आवश्यकतानुसार आप छत्तीसगढ़ी में दूसरी भाषा का प्रयोग बेहिचक कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा की इसी उदारता और सरलता के कारण ही उसकी प्रगति हुयी हैं, और होगी भी। इस पर व्याकरण लिखने वाले पहले विद्वान हीरालाल काव्योपाध्याय हैं। मुकुटधर पाण्डेय ने मेघदूत का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर छत्तीसगढ़ी भाषा की अभिव्यक्ति क्षमता को प्रमाणित किया था। आगे चलकर स्व. हरि ठाकुर, श्यामलाल चतुर्वेदी आदि लेखकों और कवियों इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व में लोकप्रिय बनाने का कार्य, स्व. सन्त पवनदीवान, स्व. डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा, स्व. देवदास बंजारे और हबीब तनवीर,पद्मभूषण तीजन बाई, लक्ष्मण मस्तूरिया, रामेश्वर वैष्णव एवं मुकुन्दकौशल जैसे कवि एवं कलाकारों ने किया। संजीव तिवारी जैसे युवा आज छत्तीसगढ़ी को इन्टरनेट और गूगल के उपयुक्त बनाने हेतु सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

उक्त, विचार साहित्याचार्य एवं शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा की महत्ता पर साहित्य के स्नातकोत्तर एवं स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

छत्तीसगढ़ उत्तर भारत के समस्त राज्यों में अग्रणी

इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. सियाराम शर्मा ने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ के लोग सरल और सहज हैं उसी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा भी हिन्दी की समस्त बोलियों में मधुरतम भाषा है। अवधी और बघेली से इसका बहनापा है। अपनी भाषा, संस्कृति, लोकगीत और नृत्य की दृष्टि से छत्तीसगढ़ उत्तर भारत के समस्त राज्यों में अग्रणी है। इसकी समस्त परम्परा को संरक्षित और सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

छत्तीसगढ़ी राजभाषा पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनुसुईया जोगी ने छत्तीसगढ़ के महत्त्व पर छत्तीसगढ़ी भाषा में स्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. शर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य पर केन्द्रित विविध पाठ्य सामग्रीयाँ विद्यार्थियों के बीच वितरित की गयीं। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित युवा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के शिक्षाप्रद एवं मार्गदर्शक व्याख्यान का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागकी वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. रीता गुप्ता ने किया।

patrika.com
पत्रिका . भिलाई . मंगलवार . 23.01.2018

8.1.7

Scanned by TapScanner

भाषा हमारी समस्त प्रगति का मूलाधार है : शर्मा

उतई 15 दिसंबर (असं)।

किसी भी देश, राज्य या समाज को अपनी भाषा परगर्व होना चाहिए। भाषा हमारी समस्त प्रगति का मूलाधार है। कोई भी आत्सम्मानी समाज अपनी भाषा में बात करने में गर्व का अनुभव करताहै। हम सभी छत्तीसगढ़ी वासियों को छत्तीसगढ़ी में बात करने में शर्ममहसूस नहीं करनी चाहिए। किसी भी भाषा का निर्धारण उसकी संरचना से होता है। आवश्यकतानुसार आप छत्तीसगढ़ी में दूसरी भाषा का प्रयोग बेहिचक कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा की इसी उदारता और सरलता के कारण ही उसकी प्रगति हुयी हैं और होगी भी। इस परव्याकरण लिखने वाले पहले विद्वान् हीरालाल का व्योपाध्याय हैं। मुकुटधर पाण्डेय ने मेघदूत का छत्तीसगढ़ी में अनुवाद कर छत्तीसगढ़ी भाषा की अभिव्यक्ति क्षमता को प्रमाणित किया था। आगे चलकर स्वण् हरि ठाकुरए श्यामलाल चतुर्वेदी आदि लेखकों और कवियों इसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व में लोकप्रिय बनाने का कार्य, स्वण् सन्त पवनदीवान, स्व. डॉ नरेन्द्र देव वर्मा, स्व. देवदास बंजारे और हबीब तनवीर, पद्मभूषण तीजन बाई, लक्ष्मण मस्तूरिया, रामेश्वर वैष्णव एवं मुकुन्द कौशल जैसे कवि एवं कलाकारों ने किया। संजीव तिवारी जैसे युवा नेआज छत्तीसगढ़ी को इन्टरनेट और गूगल के उपयुक्त बनाने हेतु सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

उक्त, विचार साहित्याचार्य एवं शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के प्राचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा ने छत्तीसगढ़ी राजभाषा की महत्ताश् पर साहित्य के स्नातकोत्तर एवं स्नातक कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इसअवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो सियाराम शर्मा ने कहा कि रिजसतरह छत्तीसगढ़ के लोग सरल और सहज हैं उसी तरह छत्तीसगढ़ी भाषा भी हिन्दी की समस्त बोलियों में मधुरतम भाषा है। अवधी और बघेली से इसका बहनापा है। अपनी भाषा, संस्कृति, लोकगीत और नृत्य की दृष्टि से छत्तीसगढ़ उत्तर भारत के समस्त राज्यों में अग्रणी है। इसकी समस्त परम्परा को संरक्षित और सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ी राजभाषा पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ अनुसूईया जोगी ने छत्तीसगढ़ के महत्त्व पर छत्तीसगढ़ी भाषा मेंस्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ शर्मा के द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य पर केन्द्रित विविध पाठ्य सामग्रीयाँ विद्यार्थियों के बीच वितरित की गयीं। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित युवा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के शिक्षाप्रद एवं मार्गदर्शक व्याख्यान का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागकी वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ रीता गुप्ता ने किया।

अमृत संदेश

शक्कर में मिठास की तरह समाई हुई है सांस्कृतिक विरासत : शर्मा

एजुकेशन रिपोर्टर | भिलाई

संगोष्ठी में आचार्य डॉ. महेशचंद शर्मा।

रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में भिलाई के आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा बतौर विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। जहां उन्होंने हर मुद्दे पर अपनी राय रखी और समाज में हो रहे बदलाव को भी बताया।

विद्याभारती सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर, इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ व छ.ग. स्वामीविवेकानद तकनीकी विश्व विद्यालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रतिभा में भारत ही हमारा आराध्य राष्ट्र देव है। वैदिक और पौराणिक साहित्य में राष्ट्र देव को हिन्दुस्तान भी कहा गया है। चंदन में शीतलता, फूलों में सुगन्ध और शक्कर मिठास की तरह हमारी सांस्कृतिक विरासत में राष्ट्रीयता समाई हुई है। राष्ट्र शब्द भी बहुत पुराना है। ये अंग्रेजों की देन नहीं है। इस संगोष्ठी में 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। संगोष्ठी में विद्याभारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रो.डॉ. गोविंद शर्मा, विश्वविद्यालय नियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सत्यनारायण अग्रवाल, कुलपति डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ.मानसिंह परमार, प्रो. युगल भारती, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, विद्याभारती के प्रांतीय प्रशिक्षण एवं परीक्षा प्रभारी भानुप्रकाश सोनी आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

बुधवार 03 जनवरी, 2018

(12)

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

8.1.7

Scanned by TapScanner

7.1.8

उतई कॉलेज में मनाया गया विश्व मातृभाषा प्रसंग

मातृभाषा का संसार में कोई विकल्प नहीं- डॉ. शर्मा

■ हमारे प्रतिनिधि | उतई.

मनुष्य की शोभा सोने के कुंडल, बाजूबंद, हार, उबटन, केश सज्जा और फूलों से नहीं बढ़ती. वाणी और भाषा ही मनुष्य को सुशोभित करती है. भाषा हमारे मनुष्यहोने का आधार और प्रमाण है. यह हमारे समस्त ज्ञान काआधार है. भाषा परम्परा और संस्कृति की वाहिका है.

माता, मातृभूमि, मातृ संस्कृति और मातृभाषा का संसार में कोईविकल्प नहीं है.. उक्त उद्‌गार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देश पर महाविद्यालय में विश्व मातृभाषा प्रसंग परआयोजित मातृभाषा के महत्व पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए अभिव्यक्त की. अंग्रेजी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. पी वसंत कला ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की नैसर्गिक प्रतिभा अपनी मातृभाषा में ही निखरती है. हम में से हर व्यक्ति को अपनी मातृभाषा परगर्व होना चाहिए. अवसर पर एनसीसी कीअनुसूईया जोगी ने कहा कि हम मूलतः अपनी मातृभाषा में ही सोचते और महसूस करते हैं. इसीलिए यह सबसे मधुर है.

विश्व मातृभाषा प्रसंग पर आयोजित कार्यक्रम संबोधित करते अतिथि

एनएसएस अधिकारी राकेश मिंज ने मातृभाषा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृभाषा को एक दिन नहीं, हमेशा अपने दिल में रखने की आवश्यकता है. हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए. कमल नारायण ने छत्तीसगढ़ी भाषा में रोचक गीत गाया. इस अवसर पर के छात्र प्रभात कुमार ने किसानों पर केन्द्रित स्वरचित सुन्दर छत्तीसगढ़ी कविता का पाठ किया. पूषण ओझा ने देश हमरसोने की चिरैया गीत का गायन किया. डॉ. अनुसूईया जोगी एवं डॉ. पी वसंत कला ने भी छत्तीसगढ़ी और तेलगू में गीत सुनाये. आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने देववाणी संस्कृत में पद्यों की सस्वर प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सियाराम शर्मा ने अनेक उदाहरण देकर हिन्दी कविता के साथ किया.

नवभारत
सोमवार, 5 मार्च 2018

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned with CamScanner

7.1.8

हिन्दी कैरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है : हिमांशु

उतई 4 अक्टूबर (असं)।

हिन्दी कैरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है। 'हिन्दी नहीं आती' यह गौरव का नहीं, लज्जा का विषय है। यह हिन्दी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसकी वर्णमाल 'अ' के अनपढ़ से शुरू होकर 'ज्ञ' के ज्ञानी से समाप्त होती है। यह हिन्दी भाषा की ही श्रेष्ठता है, जिसने 'हनुमान चालीसा' के माध्यम से आराध्य राम से ज्यादा लोकप्रिय उनके सेवक हनुमान को बना दिया। हम एक हजार वर्षों तक हम गुलाम रहे पर हमारी भाषा उसी दौर में विकसित हुई। हिन्दी को संरक्षण की आवश्यकता नहीं है, वह संघर्ष की भाषा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व पत्रकारिता मिशन थी पर आज प्रोफेशन बन गयी है। उस दौर में बड़े-बड़े राजनेताओं ने स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य से पत्रकारिता की। गुजराती भाषी होते हुए भी गाँधी जी हिन्दी में पत्रकारिता की और यहाँ तक घोषित किया कि 'गाँधी अंग्रेजी भूल गया है।' वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित थे कि हिन्दी भाषा के माध्यम से ही जनता को आन्दोलित किया जा सकता है। आज पत्रकारिता पर विज्ञापनदाताओं का कब्जा है। इन्हीं के कारण सबसे सस्ता अखबार हिन्दुस्तान में मिलता है। बाजिब सूचनाओं और ज्ञान के लिए पाठकों को भी उसकी कीमत चुकानी होगी। हिन्दी का अतीत उज्ज्वल रहा है उसके भविष्य का मार्ग भी उज्ज्वल रहेगा। उक्त विचार प्रधान संपादक एवं भाषाविद् हिमांशु द्विवेदी ने 'हिन्दी में पत्रकारिता' विषय पर शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित अतिथि व्याख्यान के विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत के विद्वान और संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि पत्रकार और साहित्यकार दोनों सहोदर भाई हैं। समाज को बनाने में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान है। पत्रकार और लेखक की ही यह शक्ति है कि किसी के व्यक्तित्व को हिमालय के उत्कर्ष तक पहुँचा दे या किसी को पतन के गर्त में गिरा दे। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा खंभा है। यह लोकतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह जनता की चेतना के विकास और परिष्कार का माध्यम भी है। इस अवसर पर युवा कवि और पत्रकार मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि साहित्य की भाषा और पत्रकारिता की भाषा अलग-अलग है।

आप अखबार की भाषा पढ़कर हिन्दी के मर्मज्ञ नहीं हो सकते। हमारे समाज में कई लोग आज हिन्दी नही आती यह कहने में गौरव महसूस करते हैं। हिन्दी नहीं आना कोई उपलब्धि नहीं है। हमारी भाषा के प्रत्येक शब्द का अपना मौलिक अर्थ होता है। शब्द एक दूसरे के बिलकुल समानार्थी नहीं होते। हवा, पवन, समीर, वायु सबके अलग-अलग अर्थ हैं।

अरबी-फारसी के शब्दों को अखबार वाले सही ढंग से नहीं लिखते। जनसाधारण की प्रवृत्ति भी जानने की नहीं रहती, जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते हैं। हिन्दी भाषा को लेकर लोगों का व्यवहार उ हल्के-फुल्के ढंग से लेने का है। यह नजरि त्यागना होगा। अतिथि व्याख्यान का प्रार अतिथियों के स्वागत से हुआ। डॉ. हिमां द्विवेदी एवं कवि मयंक चतुर्वेदी 'मानस' व अभिनंदन संस्था के प्राचार्य डॉ. महेशच शर्मा ने शॉल-श्रीफल से किया। हिन्द विभागाध्यक्ष डॉ. सियाराम शर्मा आयोजकीय वक्तव्य दिया। डॉ. रीता गुप्ता कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथि के साथ-साथ नगर पंचायत उतई के स्थानीय पत्रकारों का भी शॉल श्रीफल एवं उत्तरीयम से सम्मानित किय गया। स्थानीय पत्रकारों में रोशन सिंह बंभोले, राजेश बंजारे, घनश्याम गजपाल लेखराम सोनवानी, तथा भिलाई से पधारे वरिष्ठ पत्रकार मो. जाकिर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान किया।

अमृत संदेश

42

शुक्रवार, 5 अक्टूबर 2018

हिंदी करियर की नहीं, संस्कार की भाषा इसे संरक्षण की जरूरत नहीं: डॉ. हिमांशु

भास्कर न्यूज | उतई

शासकीय दानवीर तुलाराम कॉलेज में पत्रकारिता विषय पर हुई कार्यशाला।

हिन्दी कैरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है। हिन्दी नहीं आती यह गौरव का नहीं, लज्जा का विषय है। यह हिन्दी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसकी वर्णमाल 'अ' के अनपढ़ से शुरू होकर 'ज्ञ' के ज्ञानी से समाप्त होती है। यह हिन्दी भाषा की ही श्रेष्ठता है, जिसने 'हनुमान चालीसा' के माध्यम से आराध्य राम से ज्यादा लोकप्रिय उनके सेवक हनुमान को बना दिया।

एक हजार वर्षों तक हम गुलाम रहे पर हमारी भाषा उसी दौर में विकसित हुई। हिन्दी को संरक्षण की आवश्यकता नहीं है, वह संघर्ष की भाषा है। यह विचार भाषाविद् डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने हिंदी में पत्रकारिता विषय पर शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में आयोजित अतिथि व्याख्यान के दौरान रखे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व पत्रकारिता मिशन थी पर आज प्रोफेशन बन गई है। उस दौर में बड़े-बड़े राजनेताओं ने स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य से पत्रकारिता की। गुजराती भाषी होते हुए भी गांधीजी ने हिंदी में पत्रकारिता की और यहां तक घोषित किया कि गांधी अंग्रेजी भूल गया है। वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित थे कि हिन्दी भाषा के माध्यम से ही जनता को आंदोलित किया जा सकता है। इसके लिए युवाओं को भी आगे आना होगा।

दैनिक भास्कर

शुक्रवार 05 अक्टूबर, 2018 | 18

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned by TapScanner

7·1·8

'हिंदी कॅरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है'

शासकीय महाविद्यालय उतई में पत्रकारिता में हिंदी पर व्याख्यान

उतई। नईदुनिया न्यूज

'हिंदी कॅरियर [illegible] नहीं, संस्कार की भाषा है। हिंदी नहीं आती [illegible] गौरव का नहीं, [illegible] का विषय है। हिंदी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसकी वर्णमाला [illegible] से शुरू होकर [illegible] के ज्ञानी पर समाप्त होती है। हिंदी भाषा की ही श्रेष्ठता है, जिसने [illegible] चालीसा के माध्यम से [illegible] से ज्यादा लोकप्रिय उनके सेवक हनुमान को बना दिया। हिंदी को संरक्षण की आवश्यकता नहीं है, वह संघर्ष की भाषा है।'

उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार व भाषाविद हिमांशु द्विवेदी ने हिंदी में पत्रकारिता विषय पर उतई कॉलेज में आयोजित अतिथि व्याख्यान में विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में [illegible] एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व पत्रकारिता मिशन थी लेकिन आज प्रोफेशन बन गयी है। उस दौर में बड़े-बड़े राजनेताओं ने स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य से पत्रकारिता की। गुजराती भाषी होते हुए भी गांधी जी ने हिंदी में पत्रकारिता की। वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित थे कि हिंदी भाषा के माध्यम से ही जनता को आंदोलित किया जा सकता है। आज पत्रकारिता पर विज्ञापनदाताओं का कब्जा है। इन्हीं के कारण सबसे सस्ता अखबार हिन्दुस्तान में मिलता है। सूचनाओं और ज्ञान के लिए पाठकों को भी उसकी कीमत चुकानी होगी। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नईदुनिया की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह देश का एकमात्र ऐसा अखबार है जिसने आपातकाल के समय अपने संपादकीय पृष्ठ को कोरा छोड़ दिया था। अतिथि व्याख्यान के प्रारंभ में अतिथियों के स्वागत से हुआ। डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं कवि मयंक चतुर्वेदी मानस का अभिनंदन संस्था के प्राचार्य डॉ. [illegible] शर्मा ने शॉल-श्रीफल से किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सियाराम शर्मा ने अध्यक्षीय वक्तव्य दिया। डॉ. रीता गुप्ता ने संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के साथ-साथ नगर पंचायत उतई व भिलाई के पत्रकारों मोहम्मद जाकिर हुसैन, रोशन सिंह बंभोले, राजेश बंजारे, घनश्याम गजपाल, लेखराम सोनवानी, देवेन्द्र पटेल का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया।

उतई कॉलेज में अतिथि व्याख्यान के दौरान [illegible] का सम्मान करते वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी व अन्य अतिथि।

समाज को बनाने में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत के विद्वान और संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने कहा कि पत्रकार और साहित्यकार दोनों सहोदर [illegible] हैं। समाज को [illegible] में पत्रकारों का बहुत बड़ा योगदान है। पत्रकार और लेखक की ही [illegible] शक्ति है कि किसी के व्यक्तित्व को हिमालय के शिखर तक पहुंचा दे या किसी को पतन के गर्त में गिरा दे। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा खंभा है। यह लोकतंत्र की जीवन शक्ति है। यह जनता की चेतना के विकास व परिष्कार का माध्यम भी है।

साहित्य और पत्रकारिता की भाषा अलग-अलग

[illegible] चतुर्वेदी ने कहा कि साहित्य की भाषा और पत्रकारिता की भाषा अलग-अलग है। आप अखबार की भाषा पढ़कर हिंदी के मर्मज्ञ नहीं हो सकते। हमारे समाज में कई लोग आज हिंदी नहीं आती यह कहने में [illegible]। हिंदी [illegible] नहीं है। [illegible] भाषा के प्रत्येक शब्द का अपना मौलिक अर्थ होता है। शब्द एक दूसरे के बिलकुल समानार्थी नहीं होते। हवा, पवन, समीर, वायु सबके अलग-अलग अर्थ है। अरबी-फारसी के शब्दों को अखबारों ने स्वीकारा लेकिन शुद्धता को बरकरार नहीं रखा। जनसाधारण की प्रवृति भी जानने की नहीं रहती, जो मिल जाता है, उसे स्वीकार कर लेते है। हिंदी भाषा को लोग हल्के-फुल्के ढंग से लेते है। यह नजरिया त्यागना होगा।

नईदुनिया 19
रायपुर, शुक्रवार 05 अक्टूबर 2018

(4,4)

हिन्दी कैरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है: डॉ. हिमांशु द्विवेदी

दबंग रिपोर्टर ◻ उतई

[illegible] कैरियर की नहीं, संस्कार की भाषा है। हिन्दी नहीं आती [illegible] गौरव [illegible], लज्जा का विषय है। यह हिन्दी की सबसे बड़ी खासियत है कि इसकी वर्णमाला [illegible] से शुरू होकर [illegible] के ज्ञानी में समाप्त होती है। यह हिन्दी भाषा की ही श्रेष्ठता है, जिसने हनुमान चालीसा के माध्यम से आराध्य राम से ज्यादा लोकप्रिय उनके सेवक हनुमान को बना दिया। हम एक हजार वर्षों तक [illegible] रहे पर हमारी भाषा उसी तौर में [illegible] हुई। हिन्दी को संरक्षण की आवश्यकता नहीं है, यह संघर्ष की भाषा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व पत्रकारिता मिशन थी पर आज प्रोफेशन बन गयी है। उस दौर में बड़े बड़े राजनेताओं ने स्वाधीनता प्राप्ति के उद्देश्य से पत्रकारिता की। गुजराती भाषी होते हुए भी गांधी जी हिन्दी में पत्रकारिता की और यहां तक घोषित किया कि गांधी अंग्रेजी भूल गया है। वे इस बात से अच्छी तरह से परिचित थे कि हिन्दी भाषा के माध्यम से ही जनता को आन्दोलित किया जा सकता है। आज पत्रकारिता पर विज्ञापनदाताओं का कब्जा है। इन्हीं के कारण सबसे सस्ता अखबार हिन्दुस्तान में मिलता है। आज के सूचनाओं और ज्ञान के लिए पाठकों को भी उसकी कीमत चुकानी होगी। हिन्दी का [illegible] उज्ज्वल रहा है उसका भविष्य का मार्ग भी उज्ज्वल रहेगा। [illegible] प्रधान संपादक एवं भाषाविद हिमांशु द्विवेदी ने हिन्दी में पत्रकारिता विषय पर शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित अतिथि व्याख्यान के विशेषज्ञ मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

दबंग दुनिया
शुक्रवार, 5 अक्टूबर 2018

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College

Scanned with CamScanner

7.1.8

उतई और मचान्दुर कॉलेज ने संयुक्त रूप से मनाया कौमी एकता सप्ताह

कौमी एकता का स्वर्णिम शिलान्यासःआचार्य डॉ महेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उतई

शासन के निर्देशानुसार शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई और दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचान्दुर द्वारा संयुक्त रूप से कौमी एकता सप्ताह का प्रेरक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में अनेकता में एकता, हमारी विशेषता विषय पर केंद्रित भाषण, निबन्ध लेखन, नारालेखन एवं गायन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के साथ ही रासेयो और एनसीसी के स्टाफ और कैडेट्स ने भी कौमी एकता, भाईचारे और सद्भावना पर केंद्रित इस आयोजन के प्रति छात्र-छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया। अनेकता में एकता पर केन्द्रित व्याख्यान माला का भी आयोजन किया गया। साहित्य-संस्कृति विद् प्राचार्य डॉ महेशचन्द्र शर्मा ने अध्यक्षता करते हुए इसे युवावर्ग के साथ सभी के लिये विशेष उपयोगी बताया। आचार्य डॉ शर्मा ने भारत के स्वर्णिम सांस्कृतिक इतिहास से अनेक प्रमाण देते हुए, देश की साझी विरासत के प्रेरक उदाहरण भी दिए। उन्होंने अर्थर्ववेद से उदाहरण देते हुये बताया कि हमारी धरती माता विविध भाषा भाषियों और धर्मावलम्बियों का घर है। कामधेनु की तरह हम सबकी भारत भूमि ने धन-धान्य की हजारों धारायें बहाकर इसे सोने की चिड़िया बनाया है। विश्वगुरु भारत के वाल्मीकि, तुलसी और विश्व के महानायक राजारामचन्द्र जी ने इसी जन्मभूमि को स्वर्ग से महा- बताया और कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों ने ली है। इनसे प्रेरणा ज्योतिषाचार्य एवं नीति शास्त्री महाकवि रहीम, श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त रसखान, मीर तकी मीर और नजीर अक़बराबादी के दोहों, गीतों और नज़्मों ने मिलकर क़ौमी एकता का पैगाम इस देश को बहुत पूर्व में ही दे दिया था। तथ्य तो ये हैं कि वेदज्ञ पंडितों और महान शायरों ने कौमी एकता का स्वर्णिम शिलान्यास पहले ही कर दिया।

मौके पर साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद के संयोजक डॉ सियाराम शर्मा ने प्रस्तावना रखते हुए सभी धर्मों की अच्छाईओं का उल्लेख किया। प्रो अब्दुल अलीम खान ने देश की साझी विरासत की सराहना की। डॉ पंकज सोनी, प्रो खिलेश चन्द्राकार, सुश्री पूजा परगनिहा और प्रो प्रमोद चौरे आदि शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया।

रवीना टंडन, शारदा और मीनाक्षी पटेल आदि विद्यार्थियों ने भी अपने भाषण में कौमी एकता को रेखांकित कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का समन्वय और संचालन प्रो राकेश मिंज ने और आभार ज्ञापन डॉ पंकज सोनी ने किया। इस देश भक्ति पूर्ण और शिक्षाप्रद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थीगण लाभान्वित हुए। सभी ने मुक्तकंठ से इसकी सराहना की।

हरिभूमि 14

सोमवार 26 नवंबर 2018

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned by TapScanner

7·1·8

ANCHOR उतई और मचांदुर कॉलेज का संयुक्त कार्यक्रम

स्टूडेंट्स को दी मिलजुल कर रहने की सीख

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

भिलाई ◆ उतई और मचांदुर शासकीय महाविद्यालय में संयुक्त रूप से कौमी एकता सप्ताह मनाया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को दीपावली, स्वीप दीपोत्सव, ईद मिलाद उन्नबी, जेठोनी, कार्तिक पुन्नी एवं गुरुनानक जयंती त्योहारों की खुशियों पर मुंह मीठा कराया गया। प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने अनेकता में एकता, हमारी विशेषता, विषय पर केन्द्रित भाषण, निबंध लेखन, नारालेखन एवं गायन के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद् के साथ ही रासेयो एवं एनसीसी के स्टाफएवं कैडेट्स ने भी कौमी एकता, भाईचारे एवं सद्भावना का हाथ थामे रखने की शपथ ली। अनेकता में एकता पर केन्द्रित व्याख्यान भी हुआ। डॉ. शर्मा ने भारत के स्वर्णिम सांस्कृतिक इतिहास से प्रमाण देते हुए, देश की साझी विरासत के प्रेरक उदाहरण भी दिए। उन्होंने अथर्ववेद से उदाहरण देकर बताया कि हमारी धरती माता विविध भाषा भाषियों और धर्मावलम्बियों का घर है। कामधेनु की तरह हम सबकी भारत भूमि ने धन-धान्य की हजारों धाराएं बहाकर इसे सोने की चिड़िया बनाया है। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन प्रो. राकेश मिंज ने एव आभार ज्ञापन डॉ. पंकज सोनी ने किया।

बताई हर धर्म की अच्छाइयां

डॉ.शर्मा ने कहा कि तथ्य तो ये है कि वेदज्ञ पण्डितों और महान शायरों ने कौमी एकता का स्वर्णिम शिलान्यास पहले ही कर दिया। मौके पर साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद् के संयोजक डॉ. सियाराम शर्मा ने प्रस्तावना रखते हुए सभी धर्मों की अच्छाइयां बताईं। प्रो. अब्दुल अलीम खान ने देश की साझी विरासत की सराहना की। डॉ. पंकज सोनी, प्रो. खिलेश चन्द्राकर, पूजा परगनिहा एवं प्रो. प्रमोद चौरे ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग दिया। छात्रा रवीना टंडन, शारदा एवं मीनाक्षी पटेल विद्यार्थियों ने भी अपने भाषण में कौमी एकता को रेखांकित कर वाहवाही लूटी।

पत्रिका भिलाई, सोमवार, 26 नवंबर, 2018

(81)

महेश चंद्र शर्मा, उतई और मचान्दुर कॉलेज ने संयुक्त रूप से मनाया कौमी एकता सप्ताह

पहले ही हो चुका था कौमी एकता का स्वर्णिम शिलान्यास

■ हमारे प्रतिनिधि | उतई.

शासन के निर्देशानुसार शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई एवं दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचान्दुर द्वारा संयुक्त रूप से कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया. उक्त अवधि में दीपावलीए, स्वीप दीपोत्सव, ईद.ए.मिलाद.उल नबी, जेठोनी, कार्तिक पुन्नी एवं गुरुनानक जयंती आदि कौमी एकता पर्व त्यौहार भी हुए, विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया गया.

प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में अनेकता में एकता, हमारी विशेषता विषय पर केन्द्रित भाषण, निबन्ध लेखन, नारालेखन एवं गायन आदि हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया. कॉलेज की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद् के साथ ही रासेयो एवं एनसीसी के स्टाफ एवं कैडेट्स ने भी कौमी एकता, भाईचारे एवं सद्भावना पर केन्द्रित इस आयोजन के प्रति छात्र-छात्राओं को जोड़ने का प्रयास किया. अनेकता में एकता पर केन्द्रित व्याख्यान माला का भी आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इस कार्यक्रम को युवावर्ग के साथ सभी के लिए उपयोगी बताया. डॉ. शर्मा ने भारत के स्वर्णिम सांस्कृतिक इतिहास से अनेक प्रमाण देते हुए देश की साझी विरासत के प्रेरक उदाहरण भी दिये. उन्होंने अथर्ववेद से उदाहरण देते हुये बताया कि हमारी धरती माता विविध भाषा भाषियों और धर्मावलम्बियों का घर है.

उतई महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथिगण

कामधेनु की तरह हम सबकी भारत भूमि ने धन-धान्य की हजारों धारायें बहाकर इसे सोने की चिड़िया बनाया है. विश्वगुरु भारत के वाल्मीकि तुलसी और विश्व के महानायक राजारामचन्द्र ने इसी जन्मभूमि को स्वर्ग से महान बताया और कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों ने ली है. इनसे प्रेरणा ज्योतिषाचार्य एवं नीति शास्त्री महाकवि रहीम, श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त रसखान, मीर तकी मीर और नजीर अकबराबादी के दोहों, गीतों और नज्मों ने मिलकर कौमी एकता का पैगाम इस देश को बहुत पूर्व में ही दे दिया था. तथ्य तो ये है कि वेदज्ञ पण्डितों और महान शायरों ने कौमी एकता का स्वर्णिम शिलान्यास पहले ही कर दिया. मौके पर साहित्यिक, सांस्कृतिक परिषद् के संयोजक डॉ. सियाराम शर्मा ने प्रस्तावना रखते हुये सभी धर्मों की अच्छाईओं का उल्लेख किया. प्रो. अब्दुल अलीम खान ने देश की साझी विरासत की सराहना की.

डॉ. पंकज सोनी, प्रो. खिलेश चन्द्राकार, सुश्री पूजा परगनिहा व प्रो. प्रमोद चौरे सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सराहनीय मार्गदर्शन दिया. रवीना टण्डन, शारदा एवं मीनाक्षी पटेल आदि विद्यार्थियों ने भी अपने भाषण में कौमी एकता को रेखांकित कर वाहवाही लूटी. कार्यक्रम का संचालन प्रो. राकेश मिंज ने व आभार प्रदर्शन डॉ. पंकज सोनी ने किया.

नवभारत 2

सोमवार 26 नवम्बर 2018

PRINCIPAL
Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

Scanned by TapScanner